SAMPLE CONTENT

हिंदी (LL)

व्याकरण व लेखन

चंद्रभूषण शुक्ल
B.Ed, B.M.M.- Journalism

ज्योति नाविक
M.A., B.Ed.

कक्षा छठी

Target Publications® Pvt. Ltd.

महाराष्ट्र राज्य पाठ्यपुस्तक निर्मिती व अभ्यासक्रम संशोधन मंडळ, पुणे - ०४
द्‌वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तक पर आधारित

हिंदी (LL)

व्याकरण व लेखन

कक्षा छठी

विशेषताएँ

- अद्‌ययावत पाठ्यपुस्तक पर आधारित
- व्याकरण के घटकों का आवश्यकतानुसार समावेश
- उत्तर लिखने हेतु पर्याप्त जगह
- लेखन के विभिन्न आवश्यक घटकों का समावेश
- स्वयं मूल्यांकन हेतु स्वाध्याय के उत्तरों का समावेश
- शैक्षणिक वर्ष में व्याकरण व लेखन की संपूर्ण तैयारी हेतु उपयुक्त

Sample Content

Printed at: **India Printing Works,** Mumbai

© *Target Publications Pvt. Ltd.*
No part of this book may be reproduced or transmitted in any form or by any means, C.D. ROM/Audio Video Cassettes or electronic, mechanical including photocopying; recording or by any information storage and retrieval system without permission in writing from the Publisher.

Balbharati Registration No.: 2018MH0022

TEID: 2030

P.O. No. 2106

प्रस्तावना

प्यारे विद्यार्थियो!

शिक्षा के इस नए मोड़ पर आप सभी का हार्दिक स्वागत है। शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत हो चुकी है और साथ ही भाषा संबंधित तैयारियों का भी चिंतन व मनन शुरू हो चुका है। खासकर व्याकरण व लेखन की तैयारी की चिंता हर विद्यार्थी को बहुत अधिक सताती है। ऐसे में विद्यार्थियों के संपूर्ण मार्गदर्शन हेतु **टार्गेट पब्लिकेशंस** द्वारा **हिंदी (LL) व्याकरण व लेखन कक्षा** ... पुस्तिका का निर्माण किया गया है। यह पुस्तिका कक्षा छठी की पाठ्यपुस्तक पर आधारित है। इस पुस्तिका की सहायता से विद्यार्थी व्याकरण व लेखन से संबंधित सभी आवश्यक घटकों की पूर्ण जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

भाषा को गहराई से समझने के लिए व्याकरण का ज्ञान होना बहुत ही अनिवार्य है। इसके अलावा यदि भाषा की ... न्न लेखन शैलियों का ज्ञान न हो तो भाषा की सुंदरता का रसास्वादन कर पाना मुश्किल है। ऐसे में व्याकरण व लेखन दोनों ... षा की ... ष्टि से बहुत ही महत्त्वपूर्ण घटक हैं। इस पुस्तिका में इन दोनों घटकों को संयुक्त रूप से प्रस्तुत कर विद्यार्थियों का म... दर्शन करने का प्रयास किया गया है। इसके अलावा अध्ययन में विद्यार्थियों की रुचि बनाए रखने हेतु आवश्यकतानुसार ... भिन्न ... कों का चित्रात्मक प्रस्तुतीकरण भी किया गया है। इसके सतत अभ्यास से विद्यार्थी निश्चय ही मनचाही सफलता प्राप्त कर स... हैं। यहा पाठ्यपुस्तक में वर्णित व्याकरण के सभी घटकों की विस्तारित विवेचना करने के साथ ही उन पर आधारित ... पूर्ण ... ास दि... ए हैं। अभ्यासों के उत्तर लिखने हेतु यहाँ पर्याप्त जगह देने के साथ ही उनके उत्तर भी उपलब्ध कराए गए हैं। इ... विद्यार्थि... को स्वत: अभ्यास करने की प्रेरणा मिलेगी।

शैक्षणिक वर्ष में हिंदी व्याकरण व लेखन की पूरी तैयारी करने हेतु निर्माण ... गई यह पु... तका आप सभी के हाथों में सौंपते हुए हमें बहुत ही खुशी हो रही है। हमें आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वा... कि यह पुस्... वि... र्थियों एवं शिक्षकों के लिए उपयोगी व ज्ञानवर्धक सिद्ध होगी। इसके साथ ही यह पुस्तिका उनका सही दि... में मार्गदर्शन ... करेगा।

पुस्तिका की उत्कृष्टता बढ़ाने के लिए सभी अमूल्य सुझाव ... त्रित हैं। हमार... ई-मेल पता **mail@targetpublications.org** है।

उज्ज्वल भविष्य हेतु ढेरों शुभकामनाएँ!

प्रकाशक

संस्करण: प्रथम

Sample Content

Disclaimer

... refer... e book is transformative work based on 'हिंदी सुलभभारती; प्रथमावृत्ति: २०१६, चौथा पुनर्मुद्रण: २०२०' published by the Maharashtra State Bureau of ...xtbook Production and Curriculum Research, Pune. We the publishers are making this reference book which constitutes as fair use of ... ual contents which are transformed by adding and elaborating, with a view to simplify the same to enable the students to ... and, memorize and reproduce the same in examinations.

This work is purely inspired upon the course work as prescribed by the Maharashtra State Bureau of Textbook Production and Curriculum Research, Pune. Every care has been taken in the publication of this reference book by the Authors while creating the contents. The Authors and the Publishers shall not be responsible for any loss or damages caused to any person on account of errors or omissions which might have crept in or disagreement of any third party on the point of view expressed in the reference book.

© reserved with the Publisher for all the contents created by our Authors.

No copyright is claimed in the textual contents which are presented as part of fair dealing with a view to provide best supplementary study material for the benefit of students.

अनुक्रमणिका

क्र.	पाठ का नाम	पृष्ठ
	व्याकरण-विभाग	
१.	वर्णमाला	१
२.	बारहखड़ी	५
३.	लिपि, लिप्यंतरण व अनुवाद	७
४.	संज्ञा	८
५.	सर्वनाम	[illegible]
६.	विशेषण	१३
७.	क्रिया	१८
८.	काल	२१
९.	विरामचिह्न	२३
१०.	कारक	२६
११.	मुहावरे	२९
१२.	कहावतें	३१
१३.	वाक्य के भेद	३४
१४.	शुद्धाक्षरी लेखन	३७
१५.	पुनरावर्तन १	४०
१६.	समानार्थी शब्द	४२
१७.	विरुद्धार्थी शब्द	४५
१८.	लिंग	४८
१९.	वचन	५२
२०.	उपसर्ग	५६
२१.	प्रत्यय	५८
२२.	समरूप भिन्नार्थक शब्द	६०
२३.	हिंदी-मराठी समोच्चारित भिन्नार्थक शब्द	६३
२४.	शब्दयुग्म	६५
२५.	उपयोगी जानकारी	६७
२६.	पुनरावर्तन २	७१
	उत्तर	७३
	लेखन-विभाग	
१.	पत्र-लेखन	८०
२.	संवाद-लेखन	८७
३.	कहानी-लेखन	८९
४.	विज्ञापन-लेखन	९७
५.	निबंध-लेखन	१००

Sample Content

Sample Content

व्याकरण-विभाग

१ वर्णमाला

किसी भी भाषा को सीखने से पहले उसके व्याकरण की जानकारी होनी आवश्यक है। हिंदी व्याकरण की शुरुआत वर्णमाला से होती है। इसकी लिपि देवनागरी है।

हिंदी वर्णमाला

		अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	} स्वर
		ऋ	ए	ऐ	ओ	औ		
		अं	अ:	} **अयोगवाह**				
		अँ	ऑ					
क वर्ग	-	क	ख	ग	घ	ङ		} **व्यंजन**
च वर्ग	-	च	छ	ज	झ	ञ		
ट वर्ग	-	ट	ठ	ड	ढ	ण	ड़ ढ़	
त वर्ग	-	त	थ	द	ध	न		
प वर्ग	-	प	फ	ब	भ	म		
	-	य	र	ल	व			
	-	श	ष	स	ह	ळ		
	-	क्ष	त्र	ज्ञ	श्र	} **संयुक्त व्यंजन**		

सूचना: इन व्यंजनों में उच्[illegible]ा की सर[illegible]ा के लिए 'अ' स्वर मिला दिया गया है। जब व्यंजन में कोई स्वर नहीं जुड़ा होता तब उसके नीचे एक [illegible] रेखा। [illegible] ह, जिसे 'हल' या 'हलंत' कहते हैं।

उदाहरण: [illegible], थ्, [illegible] प्, स्, [illegible] ह् आ[illegible]।

वर्ण	हिंदी वर्णमाला की सबसे छोटी इकाई को **ध्वनि** या **वर्ण** कहते हैं।
वर्णमाला	वर्णों के समूह को **वर्णमाला** कहते हैं।
स्वर	जिन वार्णों को स्वतंत्र रूप से बोला जाता है, उन्हें **स्वर** कहते हैं। **उदाहरण:** अ, आ, इ आदि
व्यंजन	जिन वर्णों को स्वरों की सहायता से बोला जाता है, उन्हें **व्यंजन** कहते हैं। **उदाहरण:** क् + अ = क, प् + अ = प आदि।

Sample Content

उच्चारण स्थान की तालिका

क्र.	स्थान	स्वर/अयोगवाह	व्यंजन
१	**कंठ** – जिनका उच्चारण कंठ से होता है।	अ, आ, अः	क, ख, ग, घ, ङ, ह
२	**तालु** – जिनका उच्चारण तालु से होता है। तालु अर्थात जीभ के ठीक ऊपर वाला गहरा भाग।	इ, ई	च, छ, ज, झ, ञ, य, श
३	**मूर्धा** – जिनका उच्चारण मूर्धा से होता है। मूर्धा अर्थात तालु के ऊपरी भाग से लेकर ऊपर के दाँतों तक का भाग।	ऋ	ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष, ड़, ढ़
४	**दंत** – जिनका उच्चारण ऊपर के दाँतों पर जीभ लगाने से होता है।	–	त, थ, द, ध, न, ल, स
५	**ओष्ठ** – जिनका उच्चारण ओठों से होता है।	उ, ऊ	प, फ, ब, भ
६	**नासिका** – जिनका उच्चारण नासिका (नाक) से होता है।	अं, अँ	ङ, ञ, ण, न, म
७	**कंठतालु** – जिनका उच्चारण कंठ और तालु से होता है।	ए, ऐ	–
८	**कंठोष्ठ्य** – जिनका उच्चारण कंठ और ओठों से होता है।	ओ, औ	–
९	**दंतोष्ठ्य** – जिनका उच्चारण दाँतों और ओठों से होता है।	–	व

सूचना: हिंदी भाषा के विकास व आवश्यकता के चलते हिंदी वर्णमाला में अँ और ऑ स्वर सहित ड़, ढ़ व ळ व्यंजन जुड़ गए हैं।

संयुक्ताक्षर

बिना स्वर का व्यंजन जब किसी व्यंजन या अक्षर से जुड़ता है, तो **संयुक्ताक्षर** का निर्माण होता है।

उदाहरण: क् + क = क्क, ख् + त = ख्त ट् + ठ = ट्ठ

नीचे दिए गए संयुक्ताक्षरों के उदाहरण ध्यानपूर्वक पढ़िए व समझिए:

क्र.	संयुक्ताक्षर	शब्द
१	क्क	टक्कर, ढक्कन
२	क्ख	मक्खन, मक्खी
३	ख्त	तख्त, सख्त
४	ख्य	विख्यात, ख्याति
५	ग्न	अग्नि, भग्न
६	ग्य	आरोग्य, सौभाग्य
७	च्च	सच्चा, कच्चा

क्र.	संयुक्ताक्षर	शब्द
८	च्छ	मगरमच्छ, मच्छर
९	ज्व	ज्वार, ज्वलन
१०	ट्ट	पट्टी, खट्टी
११	ड्ड	हड्डी, गुड्डा
१२	ड्ढ	बुड्ढा, गड्ढा
१३	त्त	छत्ता, पत्ता
१४	त्म	खत्म, आत्मा

क्र.	संयुक्ताक्षर	शब्द
१५	ट्ठ	गट्ठर, भट्ठी
१६	द्द	गद्दा, भद्दा
१७	द्य	वैद्य, विद्यालय
१८	ध्य	बाध्य, ध्यान
१९	त्थ	कत्था, पत्थर
२०	न्न	अन्न, पन्ना
२१	न्य	वन्य, न्याय

क्र.	संयुक्ताक्षर	शब्द
२२	प्प	चप्पल, थप्पड़
२३	फ्त	दफ्तर, मुफ्त
२४	ब्ब	गुब्बारा, डिब्बा
२५	द्व	द्वार, द्वारा
२६	म्म	चम्मच, [illegible]
२७	ल्ल	बिल्ली, दिल्ली
२८	श्व	अश्व, श्वास

वर्ण-विच्छेद

किसी शब्द के सभी वर्णों को अलग-अलग करके लिखने की प्रक्रिया को **वर्ण विच्छेद** कहते हैं।

उदाहरण: गमला = ग् + अ + म् + अ + ल् + [illegible]

तरबूज = त् + अ + र् + [illegible] + ब + ऊ + ज् + अ

लड़की = ल् + अ + ड़् + अ + क् + ई

स्वाध्याय

१ कोष्ठक में दिए गए व्यंजनों को उनके वर्गों के अनुसार उचित स्थान पर लिखिए:

फ, क, त, ग, ज, म, ञ, [illegible], ठ, [illegible] ड, ब, घ, छ,
च, ट , ङ, [illegible] थ, प, ण, [illegible]द, न

क वर्ग: -- च वर्ग: --

ट वर्ग: -- त वर्ग: --

प वर्ग: --

२ निम्नलिखित वर्णों में से स्वर और व्यंजन अलग करके लिखिए:

आ ख य औ ई र ऊ व ए ज्ञ इ ह

उत्तर: स्वर: --

व्यंजन: --

Sample Content

३ निम्नलिखित शब्दों में से संयुक्ताक्षर खोजकर लिखिए:

क.	मक्खन ------------	ख.	सत्य ------------	ग.	चप्पल ------------
घ.	वक्त ------------	च.	खत्म ------------	छ.	ज्वलन ------------
ज.	गट्ठर ------------	झ.	क्त ------------	ट.	चम्मच ------------
ठ.	अश्व ------------	ड.	भस्म ------------	ढ.	चश्मा ------------

४ निम्मिलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए:

क. टमाटर = --

ख. सूरत = --

ग. गुलाब = --

घ. आधार = --

च. समय = --

छ. बदबू = --

ज. हिरन = --

झ. गोबर = --

ट. सरौता = --

ठ. वजीर = --

Sample Content

२ बारहखड़ी

क	का	कि	की	कु	कू	के	कै	को	कौ	कं	कः
ख	खा	खि	खी	खु	खू	खे	खै	खो	खौ	खं	खः
ग	गा	गि	गी	गु	गू	गे	गै	गो	गौ	गं	गः
घ	घा	घि	घी	घु	घू	घे	घै	घो	घौ	घं	घः
ङ	ङा	ङि	ङी	ङु	ङू	ङे	ङै	ङो	ङौ	[illegible]	[illegible]
च	चा	चि	ची	चु	चू	चे	चै	चो	चौ	[illegible]	चः
छ	छा	छि	छी	छु	छू	छे	छै	छो	[illegible]	[illegible]	छः
ज	जा	जि	जी	जु	जू	जे	जै	[illegible]	[illegible]	जं	जः
झ	झा	झि	झी	झु	झू	झे	झै	झो	झौ	झं	झः
ञ	ञा	ञि	ञी	ञु	ञू	[illegible]	[illegible]	[illegible]	ञौ	ञं	ञः
ट	टा	टि	टी	टु	टू	टे	[illegible]	टो	टौ	टं	टः
ठ	ठा	ठि	ठी	ठु	ठू	ठे	[illegible]	ठो	ठौ	ठं	ठः
ड	डा	डि	डी	डु	डू	डे	डै	डो	डौ	डं	डः
ढ	ढा	ढि	ढी	[illegible]	ढू	ढे	ढै	ढो	ढौ	ढं	ढः
ण	णा	णि	णी	णु	[illegible]	णे	णै	णो	णौ	णं	णः
ड़	ड़ा	ड़ि	ड़ी	ड़ु	ड़ू	ड़े	ड़ै	ड़ो	ड़ौ	ड़ं	ड़ः
ढ़	ढ़ा	[illegible]	[illegible]	ढ़ु	ढ़ू	ढ़े	ढ़ै	ढ़ो	ढ़ौ	ढ़ं	ढ़ः
त	ता	ति	[illegible]	तु	तू	ते	तै	तो	तौ	तं	तः
थ	[illegible]	थि	थी	थु	थू	थे	थै	थो	थौ	थं	थः
[illegible]	[illegible]	दि	दी	दु	दू	दे	दै	दो	दौ	दं	दः
ध	[illegible]	धि	धी	धु	धू	धे	धै	धो	धौ	धं	धः
[illegible]	ना	नि	नी	नु	नू	ने	नै	नो	नौ	नं	नः
प	पा	पि	पी	पु	पू	पे	पै	पो	पौ	पं	पः
फ	फा	फि	फी	फु	फू	फे	फै	फो	फौ	फं	फः
ब	बा	बि	बी	बु	बू	बे	बै	बो	बौ	बं	बः

Sample Content

भ	भा	भि	भी	भु	भू	भे	भै	भो	भौ	भं	भः
म	मा	मि	मी	मु	मू	मे	मै	मो	मौ	मं	मः
य	या	यि	यी	यु	यू	ये	यै	यो	यौ	यं	यः
र	रा	रि	री	रु	रू	रे	रै	रो	रौ	रं	रः
ल	ला	लि	ली	लु	लू	ले	लै	लो	लौ	लं	[illegible]
व	वा	वि	वी	वु	वू	वे	वै	वो	वौ	[illegible]	वः
श	शा	शि	शी	शु	शू	शे	शै	शो	[illegible]	[illegible]	[illegible]
ष	षा	षि	षी	षु	षू	षे	षै	षो	षौ	षं	षः
स	सा	सि	सी	सु	सू	से	सै	[illegible]	सौ	सं	सः
ह	हा	हि	ही	हु	हू	हे	है	[illegible]	हौ	हं	हः
ळ	ळा	ळि	ळी	ळु	ळू	[illegible]	ळै	ळो	ळौ	ळं	ळः
क्ष	क्षा	क्षि	क्षी	क्षु	क्षू	क्षे	क्षै	क्षो	क्षौ	क्षं	क्षः
त्र	त्रा	त्रि	त्री	त्रु	त्रू	[illegible]	[illegible]	त्रो	त्रौ	त्रं	त्रः
ज्ञ	ज्ञा	ज्ञि	ज्ञी	ज्ञु	[illegible]	ज्ञे	ज्ञै	ज्ञो	ज्ञौ	ज्ञं	ज्ञः
श्र	श्रा	श्रि	श्री	श्रु	श्रू	श्रे	श्रै	श्रो	श्रौ	श्रं	श्रः

Sample Content

३ लिपि, लिप्यंतरण व अनुवाद

१. लिपि

किसी भी भाषा को लिखित रूप में प्रस्तुत करने के लिए जिन चिह्नों का उपयोग किया जाता है, उसे उस भाषा की **लिपि** कहते हैं।

उदाहरण: क, च, ट, त, म, प आदि।

२. लिप्यंतरण

किसी एक भाषा के शब्द की सिर्फ लिपि को बदलना **लिप्यंतरण** कहलाता है।

उदाहरण: कागज – Kagaz साबुन – Sabun कोयल – Koyal पायल – Payal

३. अनुवाद

किसी एक भाषा के शब्द को अन्य भाषा में पूरी तरह से बदलना **अनुवाद** कहलाता है।

उदाहरण: चूहा – Rat केला – Banana कलम – Pen बोतल – Bottle

यहाँ हम दो लिपियों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे, जो निम्नलिखित हैं:

लिपि

देवनागरी लिपि

हिंदी भाषा की लिपि **देवनागरी लिपि** कहलाती है।
उदाहरण: च, ल, त, स, ह आदि।

रोमन लिपि

अंग्रेजी भाषा की लिपि **रोमन लिपि** कहलाती है।
उदाहरण: R, N, K, T, M आदि।

स्वाध्याय

१ निम्नलिखित शब्दों का रोमन में लिप्यंतरण कीजिए:

क. धनुष – ______	ख. महल – ______	ग. कुर्सी – ______
घ. बारिश – ______	च. कटहल – ______	छ. खिड़की – ______
ज. [illegible]थी – ______	झ. नेवला – ______	ट. अनाज – ______
ठ. [illegible]रती – ______	ड. चप्पल – ______	ढ. बंदर – ______

२ निम्नलिखित शब्दों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए:

क. पत्ता – ______	ख. लड़की – ______	ग. आग – ______
घ. कपड़ा – ______	च. चावल – ______	छ. जूता – ______
ज. समय – ______	झ. तलवार – ______	ट. नमक – ______
ठ. कबूतर – ______	ड. कमल – ______	ढ. गुलाब – ______

४ संज्ञा

किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी, स्थान, द्रव्य तथा भाव के नाम को **संज्ञा** कहते हैं।

उदाहरण:

क. राजू गाना गा रहा है।

ख. कुत्ता भौंक रहा है।



ग. मैं बाजार जाऊँगी।

घ. मेरी कलम खो गई।

च. सोना मँहगा है।



छ. फूलों का गुच्छा रखा हुआ है।



ऊपर दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्द संज्ञाएँ हैं।

क. **राजू** एक व्यक्ति है। ख. **कुत्ता** एक प्राणी है।

ग. **बाजार** एक स्थान है। घ. **कलम** एक वस्तु है।

च. **सोना** एक द्रव्य है। छ. **गुच्छा** समूह को दर्शाता है।

संज्ञा के पाँच भेद हैं:

संज्ञा

- व्यक्तिवाचक संज्ञा
- जातिवाचक संज्ञा
- भाववाचक संज्ञा
- द्रव्यवाचक संज्ञा
- समूहवाचक संज्ञा

Sample Content

व्यक्तिवाचक संज्ञा

किसी विशेष वस्तु या स्थान के नाम को **व्यक्तिवाचक संज्ञा** कहते हैं।

उदाहरण: क. अपनी माँ की बात सुनकर ऋत्विक उदास हो गया।
ख. प्रीति बहुत खुश हुई।

ऊपर दिए गए वाक्यों में 'ऋत्विक' और 'प्रीति' व्यक्तियों के नाम हैं। अत: ये **व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ** हैं।

जातिवाचक संज्ञा

जिस संज्ञा शब्द से किसी व्यक्ति, प्राणी, वस्तु अथवा स्थान की पूरी जाति का पता चले, उसे **जातिवाचक संज्ञा** कहते हैं।

उदाहरण: क. घर में कोई बड़ा नहीं है। ख. पोटली कई गुना बड़ी हो गई।

ऊपर दिए गए वाक्यों में 'घर' और 'पोटली' शब्दों से उनकी पूरी जाति का पता चलता है। अत: ये **जातिवाचक संज्ञाएँ** हैं।

भाववाचक संज्ञा

जिस संज्ञा शब्द का प्रयोग मन के भाव को व्यक्त करने के लिए किया जाता है, उसे **भाववाचक संज्ञा** कहते हैं।

उदाहरण: क. सभी बच्चे खुशी से चिल्ला उठे। ख. बच्चे लड़ाई पर उतारू थे।

ऊपर दिए गए वाक्यों में 'खुशी' और 'लड़ाई' मन के भाव हैं। अत: ये **भाववाचक संज्ञाएँ** हैं।

द्रव्यवाचक संज्ञा

जिस संज्ञा शब्द से किसी द्रव्य, धातु, ठोस, तरल आदि पदार्थों के बारे में पता चले, उसे **द्रव्यवाचक संज्ञा** कहते हैं।

उदाहरण: क. पानी का जग खाली पड़ा था।
ख. युद्ध में लोहे के ही अस्त्र-शस्त्र काम आते हैं।

ऊपर दिए गए वाक्यों में 'पानी' तरल पदार्थ है और 'लोहा' धातु है। अत: ये **द्रव्यवाचक संज्ञाएँ** हैं।

समूहवाचक संज्ञा

जिस संज्ञा शब्द से पूरे समूह या समुदाय के बारे में पता चले, उसे **समूहवाचक संज्ञा** कहते हैं।

उदाहरण: क. दर्शक भरपूर मजा लेने लगे। ख. सड़क के किनारे भीड़ जमा थी।

ऊपर दिए गए वाक्यों में 'दर्शक' और 'भीड़' शब्दों से समूह का पता चल रहा है। अत: ये **समूहवाचक संज्ञाएँ** हैं।

स्वाध्याय

१ निम्नलिखित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए:

क. तेल – .... ख. बालक – ....

ग. रवींद्रनाथ टैगोर – .... घ. गुस्सा – ....

च. पंख – .... छ. सभा – ....

Sample Content

ज. मित्रता – ------------------------------ झ. सूरज – ------------------------------

ट. झुंड – ------------------------------ ठ. बबलू – ------------------------------

२ उचित जोड़ियाँ मिलाइए:

क्र.	अ	उत्तर		ब
क.	नदी	------------------------------	१	व्यक्तिवाचक संज्ञा
ख.	सुंदरता	------------------------------	२	समूहवाचक संज्ञा
ग.	चाँद	------------------------------	३	जातिवाचक संज्ञा
घ.	गुच्छा	------------------------------	४	द्रव्यवाचक संज्ञा
च.	ताँबा	------------------------------	५	भाववाचक संज्ञा

३ निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द खोजकर भेद सहित लिखिए:

क. कठपुतली नाच रही थी। – ------------------------------

ख. उसमें से सुंदर-सुंदर पुस्तकें बाहर निकल आईं। – ------------------------------

ग. उसकी नींद टूटी। – ------------------------------

घ. बबलू कुछ नहीं बोला। – ------------------------------

च. पता नहीं लल्लन क्या पीस रहा है? – ------------------------------

छ. [illegible]रा [illegible]ल्ला छींक रहा है। – ------------------------------

ज. [illegible] चली गई। – ------------------------------

झ. सब कुछ लोहे से बनता है। – ------------------------------

ट. एक झुंड बनाया गया। – ------------------------------

ठ. मुझे घबराहट हो रही है। – ------------------------------

Sample Content

AVAILABLE BOOKS FOR STD. VI:

NOTES

ENG. MED.
- English Balbharati
- मराठी सुलभभारती
- हिंदी सुलभभारती
- History-Civics & Geography
- General Science
- Mathematics

MAR. MED.
- My English Book
- मराठी बालभारती
- हिंदी सुलभभारती
- इतिहास, नागरिकशास्त्र व भूगोल
- सामान्य विज्ञान
- गणित

WORKBOOK

ENG. MED.
- English Balbharati
- मराठी सुलभभारती
- हिंदी सुलभभारती
- History-Civics
- Geography
- General Science
- Mathematics

MAR. MED.
- My English Book
- मराठी बालभारती
- हिंदी सुलभभारती
- इतिहास व नागरिकशास्त्र
- भूगोल
- सामान्य विज्ञान
- गणित

Scan the QR code to buy e-book version of Target's Notes on Quill - The Padhai App

OUR PRODUCT RANGE
- Children Books
- School Section
- Junior College
- Degree College
- Entrance Exams
- Stationery

AVAILABLE BOOKS FOR STD. VII:

NOTES

ENG. MED.
- English Balbharati
- मराठी सुलभभारती
- हिंदी सुलभभारती
- History-Civics
- Geography
- General Science
- Mathematics

MAR. MED.
- My English Book
- मराठी बालभारती
- हिंदी सुलभभारती
- इतिहास व नागरिकशास्त्र
- भूगोल
- सामान्य विज्ञान
- गणित

WORKBOOK

ENG. MED.
- English Balbharati
- मराठी सुलभभारती
- हिंदी सुलभभारती
- History-Civics
- Geography
- General Science
- Mathematics

MAR. MED.
- My English Book
- मराठी बालभारती
- हिंदी सुलभभारती
- इतिहास व नागरिकशास्त्र
- भूगोल
- सामान्य विज्ञान
- गणित

ADDITIONAL BOOK



Explore our range of STATIONERY

Buy Now

Target Publications® Pvt. Ltd.

Address:
2nd floor, Aroto Industrial Premises CHS,
Above Surya Eye Hospital, 63-A, P. K. Road,
Mulund (W), Mumbai 400 080
Tel: 88799 39712 / 13 / 14 / 15
Website: www.targetpublications.org
Email: mail@targetpublications.org